**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : 34/13/ET** **Booklet Sr. No.......................1318.**

# TEST BOOKLET

# HINDI

# PAPER III

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 150

*All* questions carry equal marks.

## INSTRUCTIONS

1. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
2. This Test Booklet contains **75** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
3. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Ball point pen as shown below. *H.B. Pencil should not be used* in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

4. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled. You may clearly note that since the answer sheets are to be scored/evaluated on machine, any violation of the instructions may result in reduction of your marks for which you would yourself be responsible.
5. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.* Use Ball point pen for marking responses.
6. All items carry equal marks. Attempt all items.
7. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions.
8. After you have completed the test, hand over OMR answer-sheet to the Invigilator.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

# हिंदी

## प्रश्नपत्र III

समय : 2½ घण्टे] [पूर्णांक : 150

**नोट** : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। **सभी** के अँक समान हैं।

1. बारह बरस लौं कूकर जीवै, अरु तेरह लौं जियै सियार।

   बरस अठारह छत्री जीवै, आगे जीवन को धिक्कार॥

   —इन पंक्तियों के रचयिता का नाम क्या है ?

   (A) दलपत विजय (B) नरपति नाल्ह

   (C) जगनिक (D) भट्टकेदार

2. कबीर की प्रसिद्ध रचना "बीजक" के कौन-कौनसे भाग हैं ?

   (A) साखी, सबद, रमैनी (B) सबद, दोहा, रमैनी

   (C) साखी, सबद, दोहा (D) साखी, पद, दोहा

3. चलती चाकी देख के, दिया कबीरा रोय।

   दुई पट-भीतर आय के, साबित गया न कोय॥

   —कबीर विरचित इन पंक्तियों में "दुई-पट" से अभिप्राय है :

   (A) सुख-दु:ख (B) दिन-रात

   (C) भाग्य-पुरुषार्थ (D) जीवन-मरण

4. सेवरा–सेवरा बान परस्ती, सिध साधक अवधूत।

आसन भारि बैठ सब, जारि आतमा भूत॥

—ये पंक्तियाँ जायसी विरचित पद्मावत के किस खण्ड से ली गई हैं ?

(A) जन्म खंड (B) सिंहलद्वीप खंड

(C) स्तुति खंड (D) सुआ खंड

5. वल्लभाचार्य के सम्पर्क में आने से पूर्व सूर किस भाव की भक्ति करते थे ?

(A) दास्य भाव (B) माधुर्य भाव

(C) सख्य भाव (D) विरह भाव

6. ''बन बाग उपबन वाटिका, सर कूप बाँपी सोहहीं''

—यह पंक्ति तुलसीदास विरचित रामचरितमानस के किस काण्ड से ली गई है ?

(A) उत्तरकांड (B) सुंदरकांड

(C) अरण्यकांड (D) बालकांड

7. 'रामचंद्रिका' के कौनसे संवाद को आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने तुलसी के संवादों से श्रेष्ठ बताया है ?

(A) लक्ष्मण-परशुराम संवाद

(B) राम-परशुराम संवाद

(C) रावण-अंगद संवाद

(D) हनुमान-रावण संवाद

8. तंत्रि नाद कवित्त रस, सरस राग रतिरंग।

अनबूढ़े बूढ़े तरे, जे बूढ़े सब अंग॥

—बिहारी विरचित इस दोहे में कौनसा अलंकार है ?

(A) विशेषोक्ति

(B) अत्युक्ति

(C) अतिशयोक्ति

(D) विरोधाभास

9. निम्नलिखित में से कौनसा ग्रन्थ कवि भूषण विरचित **नहीं** है ?

(A) शिवराज भूषण

(B) छत्रसाल दशक

(C) शिवाबावनी

(D) छत्रप्रकाश

10. प्रेम मार्ग का ऐसा धीर पथिक और जवांदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ।''

—घनानंद के विषय में किस समालोचक का यह कथन है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) डॉ. कृष्णचंद्र वर्मा
(D) डॉ. नगेन्द्र

11. ''आधुनिक काल में आध्यात्मिकता से ऐहिकता की ओर झुकाव का एक महत्वपूर्ण साक्ष्य वहाँ मिलता है जहाँ कवि ईश-वंदना के बाद मातृभूमि-वंदना में अधिक रुचि लेने लगते हैं।''

— इस कथन के लेखक कौन हैं ?

(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(B) बच्चन सिंह
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

12. भारतेन्दु–मण्डल का वह प्रतिष्ठित साहित्यकार और पत्रकार कौन था जिसने भारी–आर्थिक अभाव में भी अपने मासिक पत्र 'हिंदी प्रदीप' को अपने बलबूते लगभग 33 वर्षों तक प्रकाशित कर पत्रकारिता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया ?

(A) राधाचरण गोस्वामी
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) ठाकुर जगमोहन सिंह
(D) प्रतापनारायण मिश्र

13. भारतेन्दु ने अपनी किस कविता में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की प्रत्यक्ष रूप से प्रेरणा दी है ?

(A) विजयवल्लरी (B) भारत-भिक्षा

(C) प्रबोधिनी (D) रिपुनाष्टक

14. द्विवेदी युग को जागरण-सुधार-काल नाम किस विद्वान ने दिया था ?

(A) डॉ. रामकुमार वर्मा (B) रामविलास शर्मा

(C) डॉ. नगेन्द्र (D) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा

15. हमसे सच की सुनो कहानी।

जिससे मरे झूठ की नानी॥

सच है सभ्य देश की चीज।

तुमको उसकी कहाँ तमीज॥

—ये पंक्तियाँ द्विवेदीयुगीन किस कवि की हैं ?

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (B) नाथूराम शर्मा 'शंकर'

(C) श्रीधर पाठक (D) बालमुकुन्द गुप्त

16. ''अधिकार खोकर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म है।

न्यायार्थ अपने बंधु को भी दण्ड देना धर्म है॥''

—ये पंक्तियाँ किस कवि की किस रचना से ली गई हैं ?

(A) दिनकर, कुरुक्षेत्र

(B) मैथिलीशरण गुप्त, जयद्रथ वध

(C) हरिऔध, वैदेही बनवास

(D) श्रीधर पाठक, श्रांत पथिक

17. ''सृष्टि के बाह्याकार पर इतना लिखा जा चुका था कि मनुष्य का हृदय अभिव्यक्ति के लिए रो उठा। स्वच्छंद छंद में चित्रित उन मानव अनुभूतियों का नाम 'छाया' उपयुक्त ही था और मुझे तो आज भी उपयुक्त ही लगता है।''

—छायावाद के विषय में यह महत्वपूर्ण विचार किसका है ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) मुकुटधर पांडेय

18. ''हृदय ही तुम्हें दान कर दिया।

क्षुद्र था उसने गर्व किया

तुम्हें पाया अगाध गंभीर

कहाँ जलबिंदु कहाँ निधिनीर।''

—ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) महादेवी वर्मा (D) सुमित्रानंदन पंत

19. ''भावों की मुक्ति छंदों की भी मुक्ति चाहती है। यहाँ भाषा, भाव और छंद तीनों स्वच्छंद हैं।''

—ये पंक्तियाँ किस विद्वान की हैं ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) नंददुलारे वाजपेयी (D) रामकुमार वर्मा

20. ''ज्ञान दूर कुछ क्रिया भिन्न है''—ये महत्वपूर्ण पंक्तियाँ 'कामायनी' के किस सर्ग में आती हैं ?

(A) चिंता (B) कर्म

(C) रहस्य (D) आनन्द

21. निराला की किस कविता को महावीरप्रसाद द्विवेदी ने प्रकाशित करने से मना कर दिया था ?

(A) अणिमा
(B) वह तोड़ती पत्थर
(C) प्रेयसी
(D) जूही की कली

22. 'पल्लव' में सुमित्रानंदन पंत का कौनसा स्वर मुखरित होता है ?

(A) राष्ट्रवादी स्वर
(B) अध्यात्मवादी स्वर
(C) छायावादी स्वर
(D) प्रगतिवादी स्वर

23. सुमित्रानंदन पंत की किस रचना को उनका अंतिम छायावादी काव्य-संग्रह माना गया ?

(A) वीणा
(B) ग्रंथि
(C) गुंजन
(D) पल्लव

24. महादेवी वर्मा को उनकी किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?

(A) यामा
(B) नीरजा
(C) नीहार
(D) सांध्यगीत

25. 'दीपक' प्रतीक का अपने काव्य में सर्वाधिक प्रयोग किस छायावादी कवि ने किया है ?

(A) महादेवी वर्मा (B) निराला

(C) पंत (D) प्रसाद

26. "एक भारतीय आत्मा" किस हिंदी कवि को कहा गया ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) सुभद्राकुमारी चौहान (D) दिनकर

27. प्रगतिवादी काव्य की समय-सीमा क्या है ?

(A) वर्ष 1930–1942 (B) वर्ष 1932–1946

(C) वर्ष 1928–1943 (D) वर्ष 1936–1943

28. "खिचड़ी विप्लव देखा हमने" के रचयिता का नाम है :

(A) नागार्जुन (B) त्रिलोचन

(C) कुँवरनारायण (D) केदारनाथ अग्रवाल

29. मैंने उसको जब-जब देखा—लोहा देखा,

मैंने उसको गोली जैसा चलते देखा।''

—इन पंक्तियों के रचनाकार का नाम है :

(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) नागार्जुन
(C) केदारनाथ अग्रवाल
(D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

30. नागार्जुन 'यात्री' नाम से किस भाषा में कविता लिखा करते थे ?

(A) खड़ी बोली
(B) अवधी भाषा
(C) मैथिली
(D) ब्रजभाषा

31. ''घुन खाए शहतीरों पर

बारह खड़ी विधाता बाँचे

फटी भीत है, छत चूती है,

आले पर बिसुइया नाचे।''

—ये पंक्तियाँ किस प्रगतिवादी कवि द्वारा लिखी गई हैं ?

(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) नागार्जुन
(C) त्रिलोचन
(D) धूमिल

32. निम्नलिखित में से कौनसा कवि 'तृतीय सप्तक' का **नहीं** है ?

(A) धर्मवीर भारती

(B) कुंवरनारायण

(C) विजयदेव नारायण 'साही'

(D) रघुवीर सहाय

33. ''प्रयोगवाद का कलापक्ष शैलीगत विद्रोह है।'' यह कथन किसका है ?

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) प्रभाकर माचवे

(D) कुंवरनारायण

34. 'नयी कविता' पत्रिका का प्रकाशन किस वर्ष से प्रारम्भ हुआ था ?

(A) वर्ष 1954 से

(B) वर्ष 1952 से

(C) वर्ष 1951 से

(D) वर्ष 1950 से

35. ''प्रयोगवादी कविता में एक भावना है किन्तु हर भावना के सामने एक प्रश्नचिह्न को आप बौद्धिकता कह सकते हैं।''

—यह कथन किसका है ?

(A) धर्मवीर भारती

(B) देवराज

(C) डॉ. जगदीश गुप्त

(D) भारत भूषण

36. 'नयी कविता' में ''कॅक्ट्सवाद'' क्या है ?

(A) व्यंग्यात्मक कविता का प्रेरक

(B) कविता में अश्लीलता के समावेश का द्वार

(C) अदम्य उत्साह, जीवनाकांक्षा तथा अनगढ़ता का प्रतीक

(D) उच्च कोटि के कवियों का एक वैचारिक मण्डल

37. 'नाश और निर्माण' काव्य के रचनाकार का नाम क्या है ?

(A) कुंवरनारायण

(B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(C) गिरिजाकुमार माथुर

(D) शमशेर बहादुर सिंह

38. ''राष्ट्रगीत में भला कौन वह

भारत-भाग्य विधाता है

फटा सुथन्ना पहने जिसका गुन

हरचरना गाता है।''

—ये पंक्तियाँ किस कवि की लिखी हुई हैं ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह

(B) रघुवीर सहाय

(C) धूमिल

(D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

39. ''लघु मानव'' के महत्व को हिंदी साहित्य में किसने प्रतिपादित किया ?

(A) गिरिजाकुमार माथुर (B) धर्मवीर भारती

(C) मुक्तिबोध (D) विजयदेव नारायण साही

40. 'खुशबू के शिलालेख' के रचनाकार का नाम क्या है ?

(A) नागार्जुन (B) भवानीप्रसाद मिश्र

(C) त्रिलोचन (D) भारत भूषण अग्रवाल

41. ''पूर्व अज्ञेय में यदि व्यक्तित्व और अस्मिता की तलाश है तो उत्तर अज्ञेय में घर की। यह भी एक प्रकार का अंतर है तत्सम और देसी के बीच।''

—ये पंक्तियाँ किस समालोचक की हैं ?

(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) नरेश मेहता (D) श्रीकांत वर्मा

42. अज्ञेय के 'काव्य-दर्शन' को क्या कहा जाता है ?

(A) क्षणवाद (B) मार्क्सवाद

(C) अस्तित्ववाद (D) प्रपत्तिवाद

43. ''यह कहना कि मुसलमानों के द्वारा ही खड़ी बोली अस्तित्व में आई और उसका मूल रूप उर्दू है जिससे आधुनिक हिंदी गद्य की भाषा अरबी-फारसी शब्दों को निकालकर गढ़ ली गई। शुद्ध भ्रम या अज्ञान है।''

—यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) बच्चन सिंह

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (D) डॉ. नगेन्द्र

44. 'हिंदी गल्पमाला' मासिक पत्रिका का प्रकाशन-स्थल कौनसा है ?

(A) इलाहाबाद (B) काशी

(C) लखनऊ (D) मुम्बई

45. ''अगर आप भारत की समस्त जनता के आचार-विचार, भाषा-भाव, रहन-सहन, आशा-आकांक्षा, दुख-सुख और सूझ-बूझ जानना चाहते हैं तो प्रेमचंद से उत्तम परिचायक आपको नहीं मिल सकता।''

—ये पंक्तियाँ किस विद्वान की हैं ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. कमल किशोर गोयनका (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

46. 'सचेतन कहानी' आंदोलन का मुख्य उद्देश्य था :

(A) प्रेम-गाथाओं को जन-जन तक पहुँचाना

(B) मूल्यहीनता और व्यक्तिपरकता से कहानी को मुक्त कराना

(C) स्त्रियों की दुर्दशा का चित्रण करना

(D) ग्रामीण समस्याओं को उजागर करना

47. गोपालराम गहमरी ने किस प्रकार के उपन्यास अधिक लिखे हैं ?

(A) जासूसी (B) धार्मिक

(C) प्रेमकथात्मक (D) सामाजिक

48. 'सेवासदन' उपन्यास का वर्ण्य-विषय है :

(A) कुलीनता का प्रश्न

(B) दहेज-प्रथा

(C) विवाहोपरान्त पत्नी का घर में स्थान

(D) उपर्युक्त तीनों

49. जैनेन्द्र के किस उपन्यास की पात्र 'मृणाल' है ?

(A) सुखदा (B) परख

(C) त्यागपत्र (D) सुनीता

50. 'पाप और पुण्य' के प्रश्न को प्रभावी ढंग से उठाने और सोचने को बाध्य करने वाला हिंदी का प्रसिद्ध उपन्यास है :

(A) झूठा-सच (B) भूले-बिसरे चित्र

(C) टेढ़े-मेढ़े रास्ते (D) चित्रलेखा

51. 'भारत-दुर्दशा' नाटक का प्रकाशन किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1873 ई. (B) 1880 ई.

(C) 1877 ई. (D) 1890 ई.

52. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में जयशंकर प्रसाद ने किस समस्या को विषय-वस्तु बनाया है ?

(A) विवाह-विच्छेद तथा पुनर्विवाह

(B) पाश्चात्य प्रभाव से ग्रस्त भारतीय नारी

(C) प्रौढ़ शिक्षा

(D) हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्य

53. 'अंधायुग' नाटक में कुल कितने अंक हैं ?

(A) आठ
(B) छः
(C) सात
(D) पाँच

54. प्रसाद के किस नाटक में राष्ट्रीय चेतना का यह प्रसिद्ध गीत शामिल है–

''अरुण यह मधुमय देश हमारा''

जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।''

(A) स्कन्दगुप्त
(B) ध्रुवस्वामिनी
(C) चन्द्रगुप्त
(D) अजातशत्रु

55. मोहन राकेश का कौनसा नाटक अपने भाषिक नवीन तेवर के कारण पहचाना और सराहा जाता है ?

(A) आषाढ़ का एक दिन
(B) लहरों के राजहंस
(C) आधे-अधूरे
(D) पैरों तले की जमीन

56. ''इस पुस्तक में 'मेरी अंतर्यात्रा में' पड़ने वाले कुछ प्रदेश हैं। यात्रा के लिए निकलती रही है बुद्धि, पर हृदय को साथ लेकर।''

—ये पंक्तियाँ किस निबंध-संग्रह के 'निवेदन' से ली गई हैं ?

(A) गेहूँ और गुलाब
(B) चिंतामणि
(C) अशोक के फूल
(D) साहित्यकार की आस्था तथा निबंध

57. विद्यानिवास मिश्र का प्रथम निबंध-संग्रह कौनसा है ?

(A) तमाल के झरोखे से
(B) चितवन की छाँह
(C) कदम की फूली डाल
(D) गाँव का मन

58. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास में 'निडनिया' के चरित्र से कौनसी बात मेल **नहीं** खाती ?

(A) आभूषणप्रियता
(B) उद्धार की आस्था
(C) वेदनामय जीवन
(D) वैधव्य

59. 'नयी कविता और अस्तित्ववाद' किस आलोचक की रचना है ?

(A) जगदीश गुप्त
(B) लक्ष्मीकांत वर्मा
(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(D) रामविलास शर्मा

60. वक्रोक्ति को 'काव्य का जीवन' किस संस्कृत आचार्य ने कहा है ?

(A) कुंतक
(B) क्षेमेंद्र
(C) मम्मट
(D) दण्डी

61. अभिनवगुप्त कृत रचना 'ध्वन्यालोक' की टीका को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) लोचन (B) सूत्रवृत्ति

(C) काव्य-मीमांसा (D) समीक्षायन

62. 'व्यक्तिविवेक' रचना के रचनाकार का क्या नाम है ?

(A) वामन (B) भोज

(C) महिमभट्ट (D) पंडितराज जगन्नाथ

63. ''काव्यं यशसेऽर्थकृते, व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये''

—काव्यप्रयोजन-विषयक यह मत किस संस्कृत आचार्य का है ?

(A) कुंतक (B) मम्मट

(C) भामह (D) रुद्रट

64. प्रतिभा के 'कारयित्री' और 'भावयित्री' नामक दो भेद किस आचार्य ने किए हैं ?

(A) मम्मट (B) विश्वनाथ

(C) भोज (D) राजशेखर

65. सामाजिक के हृदय में वासना रूप में स्थित रति, उत्साह तथा शोक आदि भावों के उद्‌बोधक कारणों को क्या कहा जाता है ?

(A) विभाव
(B) स्थायी भाव
(C) अनुभाव
(D) संचारी भाव

66. "साधारणीकरण विभावादि का होता है, यह भावकत्व का परिणाम है।"

—यह कथन किस व्याख्याकार आचार्य का है ?

(A) भट्टनायक
(B) भट्टलोल्लट
(C) शंकुक
(D) अभिनवगुप्त

67. 'नयी-समीक्षा' में 'विडंबना' (आयरनी) और 'विसंगति'(एब्सर्ड) के प्रयोगकर्ता का नाम क्या है ?

(A) वारेन
(B) विमसाट
(C) क्लींथ ब्रुक्स
(D) एलेन टेट

68. पाश्चात्य साहित्यशास्त्र में "मूल्य-सिद्धान्त" की स्थापना एवं व्याख्या करने का कार्य किस विद्वान ने किया ?

(A) कीट्‌स
(B) रिचर्ड्‌स
(C) कॉलरिज
(D) वर्डस्वर्थ

69. 'नयी समीक्षा' का जनक किस समीक्षक को कहा जाता है ?

(A) क्रोचे
(B) टी. एस. इलियट
(C) ड्राइडन
(D) लीविस

70. क्रोचे के 'अभिव्यंजनावाद सिद्धान्त' को संस्कृत के किस आचार्य से जोड़कर देखा जाता है ?

(A) कुंतक
(B) दण्डी
(C) मम्मट
(D) वामन

71. लोंजाइनस ने 'उदात्त' के कुल कितने स्रोत गिनवाए हैं ?

(A) सात
(B) आठ
(C) तीन
(D) पाँच

72. अरस्तु ने 'त्रासदी' का विवेचन करते हुए उसके कुल कितने अंग माने हैं ?

(A) ग्यारह
(B) नौ
(C) सात
(D) छः

73. "लिरिकल बैलड्स" किस समीक्षक का काव्य-संग्रह है ?

(A) इलियट (B) दाँते

(C) वर्ड्स्वर्थ (D) लोंजाइनस

74. निम्नलिखित में से कौनसा कथन 'संरचनावाद सिद्धान्त' के प्रतिकूल है ?

(A) कविता की अपेक्षा कथा-संरचना में इसे अधिक सफलता मिली।

(B) एक संरचना के रूप में भाषा के अध्ययन ने संरचनात्मक भाषिकी को जन्म दिया।

(C) भाषा शब्दों से निर्मित नहीं होती।

(D) संरचनावादी चिंतन ने 'पाठ' को केंद्र में रखकर विमर्श को गति दी।

75. निम्नलिखित में से कौनसा कथन 'उत्तर-आधुनिकता' की मान्यताओं के प्रतिकूल है ?

(A) उत्तर-आधुनिकता उत्तर-पूँजीवादी व्यवस्था की उपज है।

(B) मानव-व्यक्तित्व को विकसित एवं सम्पन्न बनाने वाला ज्ञान ही ग्राह्य है।

(C) वही ज्ञान सार्थक है जिसे बेचकर धनार्जन किया जा सके।

(D) उत्तर-आधुनिकता प्रौद्योगिकी और उपभोक्तावादी या बाजारावादी व्यवस्था की पक्षधर है।